कार्यालय मुख्य अग्नि शमन अधिकारी सीतापुर

पत्रांक–नं0 22(शै0 भवन)/2015 दिनांक सितम्बर 26 ,2015

सेवा में,

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय
सरोजनी वाटिका सिविल लाइन
सीतापुर

विषय– विद्यालय का अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना।

महोदय,

आपके पत्रांक =एफ0–1755029/के0वि0–सीतापुर/2015–2016/अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र/790 दिनांक सितम्बर 22, 2015 के सन्दर्भ में दिनांक 24–09–15 को आपकी उपस्थित में उक्त प्रश्नगत विद्यालय का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय विद्यालय भवन ग्राउण्ड एंव प्रथम तल पर निर्मित पाया गया जिसकी अग्नि शमन व्यवस्थायें निम्न प्रकार पाई गई।

क– ग्राउण्ड तल (अग्रभाग)=

निरीक्षण उपरान्त प्रश्नगत भवन के ग्राउन्ड तल के अग्रभाग में प्राचार्य आफिस , विद्यालय कार्यालय, कम्प्यूटर लैब , क्लास रूम संचालित है जिसमें भारतीय मानक 2190–1992 के प्रावधानों के अनरूप फायर एक्सटिंग्यूशर कार्यशील दशा में स्थापित पाये गये। कम्प्यूटर लैब में 2 के0जी0 क्षमता के दो अदद क्लीन ऐजेन्ट फायर एक्सटिंग्युशर भी मौजूद मिले।

ख– ग्राउन्ड तल (पश्चमाग)–

निरीक्षण उपरान्त प्रश्नगत विद्यालय के ग्राउन्ड तल के पश्चभाग में केमिस्ट्री लैब तथा क्लास रूम स्थापित है जिनमें भारतीय मानक 2190–1992 के प्रावधानों के अनुसार फायर बकेट, फायर एक्सटिंग्यूशर कार्यशील दशा में मौजूद (उपलब्ध) पाये गये।

ग– प्रथम तल (अग्रभाग)– निरीक्षण उपरान्त प्रश्नगत विद्यालय के प्रथम तल अग्रभाग पर कम्प्यूटर लैब, लाइब्रेरी , एंव क्लास रूम संचालित पाये गये जिनमे भारतीय मानक 2190–1992 के प्रावधानों केनुसार फायर एक्सटिंग्यूशर पर्याप्त मात्रा में कार्यशील दशा में स्थापित किये गये है। कम्प्यूटर लैब हेतु दो अदद क्लीन फायर एक्सटिंग्यूशर की व्यवस्था की गई है।

घ– प्रथम तल (पश्चमाग)– प्रश्नगत विद्यालय के पश्चभाग में क्लास रूम व भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला संचालित है जिनकी सुरक्षा हेतु भरतीय मानक 2190–1992 के प्रावधानों केनुसार फायर एक्सटिंग्यूशर की व्यवस्था की गई है जो कार्यशील दशा में है।

अतः उपरोक्त व्यवस्थाओं के आधार पर केन्द्रीय विद्यालय सरोजनी वाटिका सिविल लाइन सीतापुर का अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है। उपरोक्त व्यवस्थाओं की अनुपलब्धता या उनके अकार्यशील होने की दशा में निर्गत किया गया प्रमाण पत्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

26-9-2015

(नेम चन्द)
मुख्य अग्नि शमन अधिकारी
सीतापुर

नेम चन्द
मुख्य अग्नि शमन अधिकारी
सीतापुर

प्रतिलिपि– 1– श्रीमान जिला मजिस्ट्रेट महोदय सीतापुर की सेवा में उनके पृष्ठांकित आदेश दिनांक 22–09–2015 के सन्दर्भ में सुचनार्थ सादर प्रेषित।